लोगों के बीच सौहार्द और रिश्तेदारी की भावना को बढ़ावा देने की पहल

जासं, रांची : आइआइएम रांची द्वारा आयोजित यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम (वाईसीपी) रूरल इमर्शन बूटकैंप का समापन हो गया। यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम के प्रतिभागियों ने सामाजिक रूप से जागरूक नेताओं और भविष्य के नेताओं की एक नई पीढ़ी के लिए मार्ग प्रशस्त करने के लिए रासाबेड़ा गांव का दौरा किया। पहले यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम का समापन समारोह रविवार को स्वामी विवेकानंद आडिटोरियम आइआइएम रांची में आयोजित किया गया। निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव, प्रतिभागियों, उनके माता-पिता, संकाय और आयोजन सदस्यों ने समारोह में भाग लिया। वहीं लाडी बालकृष्ण, जीएम और एचओडी (सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड सीएसआर), सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड समारोह के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत के साथ हुई। निदेशक और लाडी बालकृष्ण ने कार्यक्रम के कलाकारों, टीम भगवती, जिसमें सदस्य निरल उपरित, रिसाव गांगुली, माही माथुर, हिमानी शाह और तनिष राजगढ़िया को प्रोग्राम लारिएट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। वहीं रासाबेड़ा के लोगों के सामने आने वाली समस्याओं को हल करने के लिए उनका असाधारण प्रदर्शन और अभिनव समाधान को भी दर्शाया गया।



आइआइएम में यंग चेंजमेकर्स कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोग • जागरण

Dainik Jagran, 29.05.2023, Pg. 04